# एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI)

स्रोत: PIB

## चर्चा में क्यों?

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** की ओर से हाल ही में जारी किये गए एक नोट, **"बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतान: इंटरऑपरेबिलिटी का महत्त्व"** में भारत के **डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र** को बदलने में **एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस- UPI)** की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

## एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) क्या है?

- **परिचय:** UPI एक **रीयल-टाइम मोबाइल भुगतान प्रणाली** है जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित किया गया है।
  - यह उपयोगकर्त्ताओं को **एक ही ऐप में कई बैंक खातों को लिंक** करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे **व्यक्तिगत (Peer-to-Peer)** और **व्यावसायिक (Merchant)** लेन-देन सहज रूप से किये जा सकते हैं।
- **कार्य प्रणाली:** UPI में लेन-देन **पुश (भेजना)** और **पुल (प्राप्त करना)** दोनों रूपों में किये जा सकते हैं। इसके लिये वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (VPA) का उपयोग किया जाता है।
  यह प्रणाली **दो-चरणीय प्रमाणीकरण (Two-Factor Authentication)** का पालन करती है, जिससे प्रत्येक बार बैंक विवरण दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती।
- **प्रयुक्त प्रौद्योगिकियाँ:** UPI का निर्माण **IMPS (इमीजिएट पेमेंट सर्विस)** पर आधारित है तथा यह **आधार सक्षम भुगतान सेवाओं** के साथ भी एकीकृत है।
  - **IMPS** लाभार्थी के मोबाइल नंबर और **मोबाइल मनी आइडेंटिफिकेशन नंबर (MMID) या खाता संख्या और भारतीय वित्तीय प्रणाली कोड (IFSC)** के आधार पर, भागीदार बैंक के साथ लाभार्थी के खाते में धनराशि स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करता है।
  - **AePS** आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करके नकद निकासी, जमा, शेष राशि की जानकारी और धन हस्तांतरण (अंतरबैंक या अंतरबैंक) जैसी बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की अनुमति प्रदान करता है।
- **भीम ऐप (BHIM App):** भारत इंटरफेस फॉर मनी (BHIM) एक **UPI-आधारित भुगतान ऐप** है जिसे **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)** द्वारा विकसित किया गया है।

## UPI ने भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को किस प्रकार बदल दिया है?

- **प्रभाव और स्वीकृति: UPI द्वारा जून 2025 में 18.39 बिलियन लेनदेन** के माध्यम से **24.03 लाख करोड़ रुपए** का लेनदेन किया गया।
- **UPI अब 491 मिलियन उपयोगकर्त्ताओं और 65 मिलियन व्यापारियों को सेवा प्रदान करता है, तथा 675 से अधिक बैंकों को एक मंच पर जोड़ता है।**
- भारत की UPI अब विश्व की शीर्ष रियल-टाइम भुगतान प्रणाली है, जो वीज़ा के 639 मिलियन से अधिक दैनिक लेनदेन को संसाधित करती है तथा भारत में सभी डिजिटल लेन-देन में 85 प्रतिशत UPI के माध्यम से होते हैं। इसका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी है, और यह वैश्विक स्तर पर रियल-टाइम डिजिटल भुगतानों के लगभग 50 प्रतिशत को संचालित करता है।
- UPI ने भारत में डिजिटल भुगतान को दैनिक जीवन में एकीकृत कर दिया है, जिससे एक ही ऐप के माध्यम से 24/7 तत्काल लेनदेन और सभी बैंक खातों का आसान प्रबंधन संभव हो गया है।
  - दो-कारक प्रमाणीकरण सुरक्षा सुनिश्चित करता है, जबकि **यूपीआई आईडी संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता से बचकर गोपनीयता की रक्षा** करते हैं। **त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड** दुकानों पर भुगतान को तेज़ और आसान बनाते हैं।
- **इंटरऑपरेबिलिटी: UPI ने क्लोज़ लूप सिस्टम जैसे सीमित वॉलेट या केवल एक बैंक तक सीमित लेन-देन की सीमाओं को समाप्त करके प्लेटफॉर्म-स्वतंत्र (Platform-agnostic) और निर्बाध भुगतान प्रणाली को संभव बनाया है।**
  - यह उपयोगकर्त्ताओं को विभिन्न ऐप्स और बैंकों के माध्यम से लेनदेन करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे **डिजिटल भुगतान आसान और अधिक सुलभ** हो जाता है।
  - इस खुलेपन ने ऐप्स को **प्रतिस्पर्द्धा करने और बेहतर बनाने के लिये प्रेरित** किया, जिससे नवाचार और बेहतर उपयोगकर्त्ता अनुभव को बढ़ावा मिला।
- **वित्तीय समावेशन: UPI के शून्य-लागत, वास्तविक समय हस्तांतरण ने छोटे विक्रेताओं और पहली बार उपयोगकर्त्ताओं के लिये डिजिटल**

**भुगतान को सुलभ बना दयिा है।**

- इसने **लाखों करिाना दुकानों और सूक्ष्म व्यवसायों** को सशक्त बनाया है, साथ ही डजिटिल साक्षरता को बढ़ावा तथा डजिटिल वत्ति में वश्विास का नर्िमाण कयिा है।

- **वैश्वकि पहुँच और कूटनीति: UPI अब 7 देशों में उपलब्ध है, जनिमें संयुक्त अरब अमीरात, सगिापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्राँस और मॉरीशस शामलि हैं।**
  - फ्राँस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है। **भारत ब्रकि्स देशों में भी UPI को अपनाने पर ज़ोर** दे रहा है, जसिसे वदिशों में भारतीयों के लयि धन प्रेषण को बढ़ावा मलिगा तथा भुगतान आसान होगा।

## UPI के पीछे डजिटिल आधार:

- UPI की वैश्वकि सफलता डजिटिल बुनयिादी ढाँचे में वर्षों के नविश पर आधारति है, जसिमें भारत ने कफिायती इंटरनेट के साथ-साथ J**AM ट्रनिटिी** (**जन धन योजना (वत्तिीय समावेशन), आधार (डजिटिल पहचान) और मोबाइल कनेक्टविटिी)** के माध्यम से एक मज़बूत आधार तैयार कयिा है।
  - जुलाई 2025 के मध्य तक, **जन धन योजना ने 55.9 करोड़ से अधकि बैंक** खाते खोले, जसिसे लाखों लोग औपचारकि वत्तिीय प्रणाली में शामलि हुए और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण संभव हुआ।
  - **आधार** ने प्रत्येक नविासी को एक वशिष्टि **बायोमेट्रकि-लकि्ड** पहचान प्रदान की। **जून 2025 तक 142 करोड़** से अधकि आधार संख्याएँ सृजति होने के साथ, इसने सुरक्षति प्रमाणीकरण को सक्षम तथा UPI जैसी सेवाओं को सुदृढ़ बनाया।
  - वशि्व के सबसे तेज़ **5G रोलआउट (4.74 लाख बेस स्टेशन अब लगभग सभी ज़लिों को कवर करते हैं)** के साथ कनेक्टविटिी में तेज़ी से सुधार हुआ।
    - डेटा की लागत वर्ष 2014 में **308 रुपए/GB** से घटकर **वर्ष 2022 में 9.34 रुपए** हो गई, जसिसे 116 करोड़ मोबाइल उपयोगकर्त्ताओं को लाभ होगा।
- इन सभी स्तंभों के सम्मलिति प्रयासों ने **UPI को वशि्व का अग्रणी रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली** बना दयिा और भारत को **वैश्वकि डजिटिल वत्तिीय मॉडल** के रूप में स्थापति कयिा है।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

### ??????????

**प्रश्न 1. डजिटिल भुगतान के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2018)**

1. भीम (BHIM) एप उपयोग करने वालों के लयि यह एप यू.पी.आई. (UPI) सक्षम बैंक खाते से कसिी को धन अंतरण का हस्तांतरण करना संभव बनाता है।
2. जहाँ एक चपि-पनि डेबटि कार्ड में प्रमाणीकरण के चार घटक होते हैं, भीम एप में प्रमाणीकरण के सरि्फ दो घटक होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न 2. 'एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (यूनफिाइड पेमेंट्स इंटरफेस/UPI)' को कार्यान्वति करने से नम्निलखिति में से कसिके होने की सर्वाधकि संभाव्यता है? (2017)**

(a) ऑनलाइन भुगतानों के लयि मोबाइल वालेट आवश्यक नहीं होंगे।
(b) लगभग दो दशकों में पूरी तरह भौतकि मुद्रा का स्थान डजिटिल मुद्रा ले लेगी।
(c) FDI अंतर्वाह में भारी वृद्धहिोगी।
(d) नर्धिन व्यक्तयिों को उपदानों (सब्सडिीज़) का प्रत्यक्ष अंतरण (डाइरेक्ट ट्रांसफर) बहुत प्रभावकारी हो जाएगा।

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2017)**

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान नगिम (नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडयिा/NPCI) देश में वत्तिीय समावेशन के संवर्द्धन में सहायता करता है।
2. NPCI एक कार्ड भुगतान स्कीम RuPay शुरू की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unified-payments-interface-1